# चित्रकूट-पुलिस

**(1).** नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वालंबन, महिला सशक्तिकरण, महिला कल्याण एवं बाल विकास के प्रति चलाये जा रहे "मिशन शक्ति अभियान-4" के तत्वाधान में जनपद के समस्त थानों की एण्टी रोमियों टीमों/''शक्ति दीदी'' द्वारा विभिन्न सार्वजनिक स्थल एवं ग्रामों में भ्रमण कर महिला एवं बालिकाओं को महिला सुरक्षा सम्बन्धी उपायों के प्रति जागरुक किया गया।

"मिशन शक्ति अभियान-4" व ''शक्ति दीदी'' अभियान के तहत आज दिनांक 22.04.2024 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरूण कुमार सिंह के निर्देशन में जनपद में नोडल अधिकारी मिशन शक्ति क्षेत्राधिकारी राजापुर श्रीमती निष्ठा उपाध्याय के पर्यवेक्षण में समस्त थाना क्षेत्रो में एण्टी रोमियों टीमों द्वारा विभिन्न सार्वजनिक स्थलों एवं ग्रामो में भ्रमण किया गया । महिलाओं/बालिकाओँ को "मिशन शक्ति" व ''शक्ति दीदी'' के सार्वजनिक स्थलो जैसे-चौराहे, बाजारों को असामाजिक तत्वों से मुक्त कराये जाने तथा महिलाओ एवं बालिकाओं के साथ राह चलते छेडखानी, अभद्रता, अश्लील प्रदर्शन तथा अभद्र टिप्पणियाँ इत्यादि की घटनाओं को रोकने के लिये जागरुक किया गया तथा महिला/बालिकाओं को सुरक्षा संबंधित सेवाएँ जैसे यू0पी0-112 नम्बर/वूमेन पावर लाइन 1090/यूपी कॉप एप/181 महिला हेल्प लाइन/1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन/1098 चाइल्ड हेल्प लाइन/102 स्वास्थ्य सेवा/108 एम्बूलेन्स सेवा/1930 साइबर हेल्पलाइन के बारे में जानकारियां दी गई । इस दौरान उपस्थित महिलाओं/बालिकाओं को अवगत कराया गया कि सभी थानों में महिलाओ की सुरक्षा/सहायता हेतु एक महिला हैल्पडेस्क बनाया गया है, जहाँ पर महिला पुलिसकर्मी द्वारा महिलाओं की शिकायत सुनी जाती है तथा समय से उनका निस्तारण किया जाता है । इसके साथ ही मौजूद महिलाओं/बालिकाओं को महिला सुरक्षा सम्बन्धी चलायी जा रही हेल्पलाइन नम्बरों के सम्बन्ध में पंपलेट वितरित करते हुए विस्तार से जानकारी देने के साथ ही सभी महिलाओं/बालिकाओ को हेल्पलाइन नम्बर का निर्भीक होकर उपयोग करने हेतु तथा महिलाओ को आत्मनिर्भर बनने व निर्भीक होकर अपने अपने क्षेत्र में कार्य करने/शिक्षा ग्रहण करने के लिये प्रेरित किया गया तथा सोशल मीडिया पर अपनी प्राइवेसी रखते हुये उसका प्रयोग करने के लिये कहा गया । इसी क्रम में महिलाओं/बालिकाओ को जनपद में गठित "एंटी रोमियो स्क्वायड" टीम के बारे में अवगत कराया गया तथा बताया गया कि सादे वस्त्रों में तथा प्राइवेट वाहनों से सार्वजनिक स्थलों यथा- स्कूल, कालेज व कोचिंग संस्थान के आसपास व ऐसे स्थान जहाँ पर महिलाओ एवं बालिकाओ का अधिकतर आवागमन होता है उनको भौतिक रुप से चिन्हित कर शोहदो/मनचलो के द्वारा Eve Teasing इत्यादि आपत्तिजनक हरकतो को रोकने के उद्देश्य से सघन चैकिंग कर लोगो से पूछताछ की जाती है व अनावश्यक रुप से मौजूद शोहदो/मनचलो को हिदायत/कार्यवाही की जाती है।

**(2).** पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह के कुशल निर्देशन में लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत अवैध शराब निर्माण एवं बिक्री की रोकथाम हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में चित्रकूट पुलिस ने 05 अभियुक्तों के कब्जे से 131क्वार्टर देशी शराब बरामद की।

**(i).उ0नि0 श्री राजेश प्रसाद थाना सरधुवा** तथा उनके हमराही द्वारा अभियुक्त संतोष गुप्ता पुत्र भोंदू निवासी वीर धूमाई सुर्की थाना सरधुवा जनपद चित्रकूट को 44 क्वार्टर देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया ।

**(ii).उ0नि0 श्री इमरान खान थाना राजापुर** तथा उनके हमराही द्वारा अभियुक्त कमलेश सोनकर पुत्र छोटेलाल निवासी रैपुरा थाना रैपुरा जनपद चित्रकूट को 32 क्वार्टर देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया।

**(iii). उ0नि0 श्री रामकुमार थाना भरतकूप** व उनके हमराही द्वारा विनोद कुमार पटेल पुत्र रामभवन निवासी मंदिर रोड कस्बा व थाना भरतकूप जनपद चित्रकूट को 20 अदद क्वार्टर देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के विरुद्ध थाना भरतकूप में धारा 60 आबकारी अधिनियम के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया।
**(iv).उ0नि0 श्री विपिन कुमार मिश्रा थाना पहाड़ी** व उनके हमराही द्वारा अभियुक्त श्रीराम यादव पुत्र रामप्रकाश निवासी उरसी पुरवा मजरा मकरी थाना पहाड़ी जनपद चित्रकूट को 19 अदद क्वार्टर देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के विरुद्ध थाना पहाड़ी में धारा 60 आबकारी अधिनियम के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया।
**(v).उ0नि0 श्री इंदल सिंह थाना मारकुंडी** व उनके हमराही द्वारा अभियुक्त सच्चे कोल पुत्र गौतम निवासी मुटवन थाना बहिलपुरवा जनपद चित्रकूट को 16 क्वार्टर देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के विरुद्ध थाना मारकुंडी में धारा 60 आबकारी अधिनियम के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया।

**(3).** पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह के कुशल निर्देशन में आगामी लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत अपराध एवं अपराधियों की रोकथाम हेतु चलाये जा रहे अभियान क्रम में चौकी प्रभारी शिवरामपुर में उ0नि0 श्री सत्यमपति त्रिपाठी तथा उनकी टीम द्वारा अभियुक्त 1. बब्बू उर्फ बाबू गोसाई पुत्र फरजान गोसाई 2.साहिल पुत्र बब्बू उर्फ बाबू 3.रितिक रोशन पुत्र राकेश गोसाई 4.रॉकी पुत्र सलमान उर्फ सिटिया गोसाई निवासीगण पटेल नगर तिलक नगर कोंच थाना कोंच जनपद जालौन को 09 अदद देशी बम के साथ गिरफ्तार किया गया । अभियुक्त के विरुद्ध थाना कोतवाली कर्वी में विस्फोट पदार्थ अधिनियम के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया ।

**बरामदगीः-**

09 अदद देशी बम

**गिरफ्तारी करने वाली टीमः-**

1. चौकी प्रभारी शिवरामपुर उ0नि0 श्री सत्यमपति त्रिपाठी
2. आरक्षी चालक नरेंद्र
3. आरक्षी दीप प्रताप
4. आरक्षी श्यामू

**(4).** पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में आगामी लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत अपराध एवं अपराधियों की रोकथाम हेतु अपराधियों के विरुद्ध की जा रही कार्यवाही के क्रम में प्रभारी निरीक्षक कोतवाली कर्वी श्री उपेन्द्र प्रताप सिंह के मार्गदर्शन में चौकी प्रभारी सीतापुर उ0नि0 श्री गौरव तिवारी,चौकी प्रभारी परिक्रमा मार्ग श्री रमेश कुमार यादव तथा उनकी टीम द्वारा अभियुक्त 1. नीरज पुत्र जालिम गोसाई 2. राकेश पुत्र फरजन 3. बेताब पुत्र जालिम निवासीगण तिलकनगर कोंच जनपद जालौन को 02 अदद अवैध तमंचा 12 बोर व 315 बोर व 02 अदद जिन्दा कारतूस 12 बोर व 03 अदद खोखा कारतूस 12 बोर व 02 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर के साथ गिरफ्तार किया गया । अभियुक्तों के विरुद्ध थाना कोतवाली कर्वी में धारा 3/25 शस्त्र अधिनियम के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया ।

**बरामदगी-**

1. 02 अदद अवैध तमंचा 12 बोर व 315 बोर
2. 02 अदद जिन्दा कारतूस 12 बोर
3. 03 अदद खोखा कारतूस 12 बोर
4. 02 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर

**गिरफ्तारी करने वाली टीम-**

1.चौकी प्रभारी सीतापुर श्री गौरव तिवारी
2.चौकी प्रभारी परिक्रमा मार्ग खोही श्री रमेश कुमार यादव
3.आरक्षी अभिषेक प्रताप सिंह
4.आरक्षी आशीष कुमार

**(5).** आज दिनाँक 22.04.2024 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह द्वारा थाना मऊ का औचक निरीक्षण किया गया । पुलिस अधीक्षक द्वारा महिला हेल्प डेस्क, थाना कार्यालय, सीसीटीएनएस कक्ष, बंदीगृह, मालखाना, प्रभारी निरीक्षक कक्ष, आवासीय परिसर का भ्रमण प्रभारी निरीक्षक मऊ को रजिस्टरों को अद्यवधिक रखने, थाना परिसर की साफ-सफाई एवं लोकसभा चुनाव  हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये ।

इस दौरान प्रभारी निरीक्षक मऊ श्री अजीत कुमार पाण्डेय,अपराध निरीक्षक अभय राज एवं पीआरओ श्री प्रवीण सिंह एवं अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे ।